दिनांक 25 जून 2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाई में सलाहकार समिति का हुआ गठन, 14 विभागों में प्रभारी के साथ समितियों में मिला पार्षदों को स्थान

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई में सलाहकार समिति का पुर्नःगठन किया गया है , इसमें नवनिर्वाचित दो पार्षदों को भी शामिल किया गया है। गौरतलब है कि भिलाई निगम से 13 वार्डो को पृथक करते हुए नया रिसाली निगम का गठन किया गया है , जिससे सलाहकार समिति में कम हुए सदस्यों के रिक्त स्थान को पूर्ण करने सलाहकार समिति का गठन सदस्यों के साथ किया गया है ! एक अप्रैल को मेयर इन कांउसिल के सदस्यों का पुर्नःगठन किया जा चुका है! वार्ड 03 एवं वार्ड 10 के उप निर्वाचन में निर्वाचित पार्षद को भी सलाहकार समिति में सम्मिलित किया गया है! नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा- 46 के अंतर्गत नगर पालिक निगम , भिलाई के विभिन्न 14 समितियों के लिये सलाहकार समिति का गठन किया गया है। नवगठित समिति में 14 विभागों के लिए समिति के प्रभारी महपौर परिषद के सदस्यों को बनाया गया है इसके साथ ही सभी समितियों में 9 पार्षदों को सदस्यों के रूप में शामिल किया गया है। महापौर द्वारा नियुक्त समिति के प्रभारी के तौर पर वित्त लेखा एवं अंकेक्षण समिति के प्रभारी पार्षद श्री दुर्गाप्रसाद साहू को नियुक्त किया गया है, इनके समिति में 9 पार्षदों को सदस्य बनाया गया है। सामान्य प्रशासन एवं विधायी कार्य विभाग समिति के प्रभारी श्रीमति सुभद्रा सिंह , नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग का प्रभारी डाॅ. दिवाकर भारती, लोक कर्म विभाग के प्रभारी श्री नीरज पाल , जल कार्य विभाग की प्रभारी श्रीमति सदीरन बानो होंगी, राजस्व विभाग के प्रभारी श्री नीरज पाल होंगे , खाद्य, लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग के प्रभारी श्री लक्ष्मीपति राजू , अग्निशमन, विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग के प्रभारी श्री जोहन सिन्हा होंगे, गरीबी उपशमन एवं सामाजिक कल्याण विभाग के प्रभारी कु. सोशन लोगन होंगी , महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रभारी श्रीमती सुशीला देवांगन होंगी , अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति कल्याण विभाग के प्रभारी श्री सतेन्द्र कुमार बंजारे होंगे, शिक्षा, खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग के प्रभारी श्री सूर्यकान्त सिन्हा होंगे , पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग के प्रभारी श्री साकेत चन्द्राकर होंगे, सांस्कृतिक, पर्यटन मनोरंजन एवं विरासत संरक्षण विभाग के प्रभारी श्री जी. राजू होंगे। इस प्रकार से सलाहकार समिति के सदस्यों को शामिल करते हुए समिति का गठन किया गया है!